
# गर्मी से पहले निगम ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई शुरू करवाई

## पावर हाऊस चौक स्थिति प्लांट में रविवार को दिनभर चलती रही सफाई

**असन पथ न्यूज**

जगदलपुर। गर्मी का सीजन शुरू होने से पहले नगर निगम ने शहर के वाटरी ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई शुरू करवा दी है। शहर के सबसे पुराने ट्रीटमेंट प्लांट से सफाई की शुरूआत की गई है। पावर हाऊस चौक स्थिति प्लांट में रविवार को दिनभर सफाई चलती रही। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि आम नागरिकों को स्वच्छ जल आपूर्ति के लिए नगर निगम गंभीर है। अब गर्मियों में आम नागरिकों



को स्वच्छ जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए तैयारी की जा रही है। पुराने जल संसोधन संस्थान के इंटेक वेल्स और सेटलिंग टंकियों की सफाई भी करवाई जा रही है। सेटलिंग टैंक्स और इंटेक वेल्स कि सफाई के लिए सबसे पहले टंकियों को खाली किया जाता है, जिसके बाद हाई प्रेशर पम्प की मदद से जमी हुई कीचड़ को बाहर किया जाता है। दीवारों में जमी हुई कीचड़ और काई को हाई प्रेशर रोटरी जेट मशीन की मदद से साफ किया जाता है। लगातार बार बार इस प्रक्रिया को दोहराते हुए सेटलिंग टैंक्स और इंटेक वेल्स में जमी हुई कीचड़ की सफाई होती है। आयुक्त ने बताया है कि पुराने जल संसोधन संस्थान के सेटलिंग टेंक्स से सफाई के दौरान तक लगभग हजारों क्विंटल कीचड़ बाहर निकाली गई है। सेटलिंग टैंक्स से कीचड़ और जमी हुई काई के बाहर हो जाने से गर्मियों के दौरान मानक गुणवत्ता का पेयजल प्रदाय करने में नगर निगम को कोई परेशामी नहीं होगी।

Scanned with OKEN Scanner

### आज गंगामुंडा चौपाटी में शिविर लगाकर दिया जाएगा योजनाओं का लाभ

# विकसित भारत यात्रा के तीसरे चरण की शहर में शुरूआत, लक्ष्मी नारायण मंदिर में लगा शिविर

**अमन पथ न्यूज**



जगदलपुर। विकसति भारत संकल्प यात्रा के तीसरे चरण की शुरूआत रविवार को शहर में हुई। इस चरण के तहत शहर की स्लम इलाके में शिविर लगाए जाएंगे। रविवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर और बासमुंडा डेरा में संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में महापौर सफीरा साहू ,नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे, वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र पांडे ,नरसिंह राव ,भारती श्रीवास्तव,निर्मल पाणिग्रही ,रीना धोष ,ललिता राव , पूर्व पार्षद खेमसिंह देवागन,राणा धोष ,अतुल कोशल ,प्रकाश तिवारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर महापौरसफीरा साहू ने कहा कि देश के गांव, गरीब, किसान सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसलिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी उद्देश्य के साथ विकसित संकल्प भारत यात्रा का तृतीय चरण भी प्रारंभ किया गया है। शासन की मंशानुरूप समाज के सभी वर्गों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है।

उन्होंने संकल्प शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष श्री संजय पांडे ने कहा कि संकल्प विकसित यात्रा शिविर के प्रथम एवं द्वितीय चरण की अपार सफलता के बाद तृतीय चरण का आगाज हुआ ,हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। पांडे ने कहा आपकी सरकार है योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं।

मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ शासन की सरकार जनता से किया गया वादा लगातार पूरा कर रही है।

शिविर में आयुष्मान कार्ड ,स्व निधि योजना,महिला बाल विकास विभाग ,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान अतिथियों ने महतारी वंदन योजना ,आयुष्मान भारत पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य विभाग,महिला बाल एवं विकास विभाग प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य परीक्षण ,बैंक हेल्प डेस्क इत्यादि के स्टाल का निरीक्षण कर अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ देने के निर्देश दिए। सोमवार को शहर के मोहन महाराज बाड़ा व गंगामुंडा चौपाटी के पास शिविर का आयोजन किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

## निगम आयुक्त हरेश मण्डावी के मार्गदर्शन में चल रहा काम

# आधुनिक तरीके से हो रही टंकियों की सफाई

### गर्मी से पूर्व मानक गुणवत्ता के पेयजल प्रदाय करने पहल

नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।

आम नागरिकों को स्वच्छ जल आपूर्ति के लिए नगर पालिक निगम सदैव गंभीर है। अब गर्मियों में लोगों को स्वच्छ जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए पूर्व से ही तैयारियां की जा रही है। इसी के तहत जल प्रदाय शाखा अंतर्गत मानक गुणवत्ता के जल प्रदाय हेतु उच्च स्तरीय जलागारों की सफ़ाई करवाई गई है, तो अब पुराने जल संशोधन संस्थान के इंटेक वेल्स और सेटलिंग टंकियों की सफ़ाई भी करवाई जा रही है।

मिली जानकारी अनुसार नगर पालिक निगम ने इस विशेष सफ़ाई कार्य के लिए जगदलपुर के ही सफ़ाई वाले संस्थान से अनुबंध किया है। गौर तलब हो कि सफ़ाई वाला पानी टंकियों की आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से सफ़ाई के लिए अनुभवी और आईएसओ प्रमाणित संस्थान है। सेटलिंग टैंक्स और इंटेक वेल्स कि सफ़ाई के लिए सबसे पहले टंकियों को खाली किया जाता है, जिसके बाद हाई प्रेशर पम्प की मदद से जमी हुई कीचड़ को बाहर किया जाता है। दीवारों में जमी हुई कीचड़ और काई को हाई प्रेशर रोटरी जेट मशीन की मदद से साफ़ किया जाता है। लगातार बार बार इस प्रक्रिया को दोहराते हुए सेटलिंग टैंक्स और इंटेक वेल्स में जमी हुई कीचड़ की सफ़ाई होती है।

### टंकी से निकला हजारों क्विंटल कीचड़ : आयुक्त



नपानि आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि पुराने जल संशोधन संस्थान के सेटलिंग टैंक्स से सफ़ाई के दौरान हज़ारों क्विंटल कीचड़ बाहर निकला है। सेटलिंग टैंक्स से कीचड़ और जमी हुई काई के बाहर हो जाने से गर्मियों के दौरान मानक गुणवत्ता का पेयजल प्रदाय करने में नपानि को कोई परेशानी नहीं होगी। स्थानीय स्तर की कंपनी द्वारा सफ़ाई का कार्य किए जाने से समय में कार्य पूर्ण होने की उम्मीद है।

Scanned with OKEN Scanner

# शहरवासी उत्साह के साथ संकल्प शिविर में हुए शामिल

## तृतीय पड़ाव में महापौर, नेता प्रतिपक्ष, पार्षदगण व जन प्रतिनिधि हुए शामिल

नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तृतीय चरण के तहत तहत आज नगर पालिक निगम जगदलपुर के लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण एवं बासमुंडा धेरा में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए महापौर सफीरा साहू ने कहा कि शासन की मंशानुरूप समाज के सभी वर्गों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। जिसका अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।

ज्ञात हो कि प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण में विकसित संकल्प यात्रा के सफलता के पश्चात शासन के द्वारा प्रदेश में विकसित संकल्प यात्रा का तृतीय चरण प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत नगर पालिका निगम जगदलपुर में आज प्रधानमंत्री संकल्प विकसित यात्रा के तृतीय चरण का विधिवत शुभारंभ किया गया। विकसत संकल्प यात्रा मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ लेने वाले कलावती ठाकुर एवं सारिका यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्व वह कच्चे मकान में रहते थे, अब उनका मकान पक्का बन गया है, जिससे उनके पूरे परिवार को इसका लाभ मिला। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी व अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा सैकड़ो की संख्या में नागरीकगण उपस्थित थे। आज आयोजित संकल्प शिविर में महापौर सहित नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे, वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र पांडे, नरसिंह राव, भारती श्रीवास्तव, निर्मल पाणिग्रही, रीना धोष, ललिता राव, पूर्व पार्षद खेमसिंह देवांगन, राणा धोष, अतुल कौशल, प्रकाश तिवारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक अपार उत्साह के साथ शामिल हुए। आगामी 26 फरवरी को शहर के मोहन महाराज बाडा व गंगामुंडा चौपाटी के पास में शिविर का आयोजन किया जाएगा।




### योजनाओं का लाभ लेने आयें आगे : संजय

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने कहा कि संकल्प विकसित यात्रा शिविर के प्रथम एवं द्वितीय चरण की अपार सफलता के बाद तृतीय चरण का आगाज हुआ, हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह मुख्य उद्देश्य है। श्री पांडे ने कहा कि आपकी सरकार है, योजनाओं का लाभ अवश्य उठायें। मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ शासन की सरकार जनता से किया गया वादा लगातार पूरा कर रही है।

### सैकड़ों हितग्राही हो चुके लाभान्वित : मण्डावी

नपानि आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा कि जनहितकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए शहर में तीन दिवसीय संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जा रही है। दोनों जगह आयोजित शिविर मे 1650 हितगाहियों ने लाभ उठाया। पीएम स्व-निधि योजना 14, आयुष्मान कार्ड में 269, स्वास्थ जांच 500, आधार अपडेशन में 150, पीएम उज्जवला में 365, पीएम विश्नकर्मा 122, पीएम आवास में 230 लोग पहुंचे और उन्हें लाभ मिला।

Scanned with OKEN Scanner

### बड़ी मात्रा में निकले गाद और कीचड़

# निगम करवा रहा जल संशोधन इंटेक वेल की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आम नागरिकों को स्वच्छ जल आपूर्ति के लिए नगर पालिक निगम की तैयारी चल रही है। निगम के जल प्रदाय शाखा अंतर्गत मानक गुणवत्ता के जल प्रदाय के लिए जलागारों की सफाई करवाई जा रही है। पुराने जल संशोधन संस्थान के इंटेक वेल और सेटलिंग टंकियों की सफाई की जा रही है। इस कार्य के लिए शहर के ही संस्थान से अनुबंध किया गया है। गौरतलब हो कि सफाई वाला पानी टंकियों कि आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से सफाई के लिए आईएसओ प्रमाणित संस्थान है। सेटलिंग टैंक्स और इंटेक वेल कि सफाई के लिए सबसे पहले टंकियों को खाली किया जाता है, जिसके बाद हाई प्रेशर पम्प की मदद से जमी हुई कीचड़ को बाहर किया जाता है। दीवारों में जमी हुई कीचड़ और काई को हाई प्रेशर रोटरी जेट मशीन की मदद से साफ किया जाता है।



## गाद-कीचड़ निकाला गया

आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि पुराने जल संसोधन संस्थान के सेटलिंग टैंक्स से सफाई के दौरान सैंकड़ों क्विंटल कीचड़ बाहर निकाली गई है। सेटलिंग टैंक्स से कीचड़ और जमी हुई काई के बाहर हो जाने से गर्मियों के दौरान मानक गुणवत्ता का पेयजल प्रदाय करने में नगर निगम को कोई परेशानी नही होगी। स्थानीय स्तर के कंपनी द्वारा सफाई का कार्य किए जाने से समय में कार्य पूर्ण होने कि उम्मीद है।

Scanned with OKEN Scanner

**अभियान:** संकल्प यात्रा शिविर में महापौर, नेता प्रतिपक्ष, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, आयुक्त हुए शामिल

# संकल्प यात्रा में समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा : सफीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पालिका निगम के लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण एवं बासमुंडा घेरा में आयोजित संकल्प शिविर के तृतीय चरण के शुभारंभ में महापौर सफीरा साहू, नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे, पार्षद योगेंद्र पांडे, नरसिंह राव, भारती श्रीवास्तव, निर्मल पाणीग्राही, रीना घोष, ललिता राव, पूर्व पार्षद खेमसिंह देवागन, राणा घोष, अतुल कोशल, प्रकाश तिवारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुरूप गांव, गरीब, किसान सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं से अंतिम व्यक्ति तक लाभान्वित हो सबको विकास से जोड़ना है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा शिविर के प्रथम एवं द्वितीय चरण की सफलता के बाद तृतीय चरण का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री कि जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ शासन की सरकार जनता से किया गया वादा पूरा कर रही है। योगेंद्र पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध होकर काम कर रही है। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने अधिकारी-कर्मचारियों तथा नागरिकों को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के उपयोगिता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

## एलईडी वेन से प्रचार

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासन की योजनाओं के प्रचार के लिए एलईडी वैन से शहर वासियों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दिया गया। 26 फरवरी को शहर के मोहन महाराज बाड़ा व गंगामुंडा चौपाटी के पास में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास

आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा कि जनहितकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए शहर में तीन दिवसीय संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जा रही है। शिविर के तृतीय चरण में शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के आवेदनों पर विभागीय अधिकारी तत्काल कार्यवाही कर पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ योजनाओं के लाभार्थियों की कहानी उन्ही की जुबानी सुनाकर लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। दोनों जगह आयोजित शिविर में 1650 हितग्राहियों ने योजना का लाभ उठाया।

## लाभार्थियों की जुबानी

प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ लेने वाले कलावती ठाकुर एवं सारिका यादव ने कहा आवास योजना के पूर्व वह कच्चे मकान में रहते थे, प्रधानमंत्री आवास योजना से उनका मकान पक्का बन गया। जिससे उनके पूरे परिवार को इसका लाभ मिला। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभ मिला भानुमति एवं कमला ने बताया कि इस योजना से उनके व्यवसाय को काफी लाभ मिला। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी व अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या में नागरीकगण उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

# सेटलिंग टैंक से निकाली गई सैकड़ों टन गाद



टैंक से गाद की सफाई का काम चल रहा है। ● नईदुनिया

**जगदलपुर ( नईदुनिया न्यूज )।** शहर में पेयजल की आपूर्ति के लिए इंद्रावती नदी तट स्थित इंटेकवेल और सेटलिंग टैंक की सफाई निगम ने प्रारंभ कर दी है। गर्मी का सीजन प्रारंभ होने से पहले निगम द्वारा शहर में पेयजल आपूर्ति से संबंधित सेटलिंग टैंक, पानी की टंकियों की सफाई कराई जा रही है। हर साल गर्मी शुरू होने से पहले यह काम किया जाता है। अभी तक सैकड़ों टन गाद टैंक से निकली जा चुकी है।

नगर निगम में जल प्रदाय शाखा के उप अभियंता संजीव कर्ण ने बताया कि सेटलिंग टैंक से गाद और काई की सफाई होने से गर्मी के सीजन में मानक गुणवत्ता का पेयजल प्रदाय करने में नगर निगम को कोई परेशानी नहीं होगी। स्थानीय स्तर पर अनुबंधित कंपनी द्वारा सफाई का कार्य किया जा रहा है जो जल्दी की पूरा हो जाएगा। विदित हो कि इंद्रावती नदी में स्थित इंटेक वेल से पानी सेटलिंग टैंक में आता है। यहां जल का शोधन कर पानी की आपूर्ति शहर में की जाती है। प्रतिदिन यहां से लगभग 13.5 मिलियन लीटर जलापूर्ति की जा रही है। निगम ने स्थानीय संस्थान सफाई वाला से सेटलिंग टैंक की सफाई के लिए अनुबंध किया है। संस्थान के बारे में बताया गया कि इसे पानी टंकियों कि आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से सफाई के लिए आइएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त है। सेटलिंग टैंक और इंटेक वेल कि सफाई के लिए सबसे पहले टंकियों को खाली किया जाता है। इसके बाद हाई प्रेशर पंप की सहायता से टैंक में जमा गाद बाहर निकाला जाता है। विदित हो कि इंद्रावती नदी में दो इंटेक वेल, एक सेटलिंग टैंक और शहर में पानी की 15 टंकिया हैं। इसके अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति के लिए 50 से अधिक पंप हाउस हैं।

Scanned with OKEN Scanner

शराब को लेकर वाहन का इन्तजार   की भूमिका रही।   वितरण किया। किसानों ने आरोप

लक्ष्मी नारायण मंदिर में लगा शिविर

आज गंगामुंडा चौपाटी में शिविर लगाकर दिया जाएगा योजनाओं का लाभ

# विकसित भारत यात्रा के तीसरे चरण की शहर में शुरुआत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जगदलपुर** . विकसति भारत संकल्प यात्रा के तीसरे चरण की शुरुआत रविवार को शहर में हुई। इस चरण के तहत शहर की स्लम इलाके में शिविर लगाए जाएंगे। रविवार को लक्ष

लक्ष्मीनारायण मंदिर और बासमुंडा डेरा में संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में महापौर सफीरा साहू ,नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे, वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र पांडे ,नरसिंह राव ,भारती श्रीवास्तव,निर्मल पाणिग्रही ,रीना धोष ,ललिता राव , पूर्व पार्षद खेमसिंह देवागन,राणा धोष ,अतुल कोशल ,प्रकाश तिवारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर महापौरसफीरा साहू ने कहा कि देश के गांव, गरीब, किसान सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसलिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी उद्देश्य के साथ विकसित संकल्प भारत यात्रा का तृतीय चरण भी प्रारंभ किया गया है। शासन की मंशानुरूप समाज के सभी वर्गो को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। उन्होंने संकल्प शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष श्री संजय पांडे ने कहा कि संकल्प विकसित यात्रा शिविर के प्रथम एवं द्वितीय चरण की अपार सफलता के बाद तृतीय चरण का आगाज हुआ ,हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। पांडे ने कहा आपकी सरकार है योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ शासन की सरकार जनता से किया गया वादा लगातार पूरा कर रही है। शिविर में आयुष्मान कार्ड ,स्व निधि योजना,महिला बाल विकास विभाग ,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान अतिथियों ने महतारी वंदन योजना ,आयुष्मान भारत पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य विभाग,महिला बाल एवं विकास विभाग प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य परीक्षण ,बैंक हेल्प डेस्क इत्यादि के स्टाल का निरीक्षण कर अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ देने के निर्देश दिए। सोमवार को शहर के मोहन महाराज बाड़ा व गंगामुंडा चौपाटी के पास शिविर का आयोजन किया जाएगा।



**जगदलपुर** . शिविर के दौरान हितग्राहियों पीएम आवास की सांकेतिक चाबी सौंपते जनप्रतिनिधि।

Scanned with OKEN Scanner

लकर गया ह।

**स्वच्छता :** पावर हाऊस चौक स्थिति प्लांट में रविवार को दिनभर चलती रही सफाई

# गर्मी से पहले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई शुरू करवाई

जगदलपुर . गर्मी का सीजन शुरू होने से पहले नगर निगम ने शहर के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई शुरू करवा दी है। शहर के सबसे पुराने ट्रीटमेंट प्लांट से सफाई की शुरुआत की गई है। पावर हाऊस चौक स्थिति प्लांट में रविवार को दिनभर सफाई चलती रही। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि आम नागरिकों को स्वच्छ जल आपूर्ति के लिए नगर निगम गंभीर है। अब गर्मियों में आम नागरिकों को स्वच्छ जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए तैयारी की जा रही है। पुराने जल संसोधन संस्थान के इंटेक वेल्स और सेटलिंग टंकियों की सफाई भी करवाई जा रही है। सेटलिंग टैंक्स और इंटेक वेल्स कि सफाई के लिए सबसे पहले टंकियों को खाली किया जाता है, जिसके बाद हाई प्रेशर पम्प की मदद से जमी हुई कीचड़ को बाहर किया जाता है। दीवारों में जमी हुई कीचड़ और काई को हाई प्रेशर रोटरी जेट मशीन की मदद से साफ किया जाता है। लगातार बार बार इस प्रक्रिया को दोहराते हुए सेटलिंग टैंक्स और इंटेक वेल्स में जमी हुई कीचड़ की सफाई होती है। आयुक्त ने बताया है कि पुराने जल संसोधन संस्थान के सेटलिंग टेंक्स से सफाई के दौरान तक लगभग हजारों क्विंटल कीचड़ बाहर निकाली गई है। सेटलिंग टैंक्स से कीचड़ और जमी हुई काई के बाहर हो जाने से गर्मियों के दौरान मानक गुणवत्ता का पेयजल प्रदाय करने में नगर निगम को कोई परेशानी नहीं होगी।



**टंकियों** की सफाई करते मजदूर।

# प्रवीर व वीर सावरकर वार्ड में लगा संकल्प यात्रा शिविर

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का तीसरा चरण : मोहन महाराज बाड़ा और गंगामुंडा चौपाटी में शिविर आज

भास्कर न्यूज | जगदलपुर



जगदलपुर। हितग्राहियों को आवास योजना की चाबी सौंपते अतिथि।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन शहर के लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण व बांसमुंडा घेरा में किया गया। पहले और दूसरे चरण के बाद अब यात्रा का तीसरा चरण शुरू किया गया है। महापौर सफीरा साहू ने कहा कि सरकार की योजनाओं से अंतिम व्यक्ति तक को फायदा हो, इसकी पूरी कोशिश होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से सभी वर्गों को लाभ पहुंचे, मोदी की गारंटी पर सरकार लगातार काम कर रही है।

पार्षद योगेंद्र पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी के संकल्प को पूरा करने राज्य सरकार कटिबद्ध होकर काम कर रही है। महतारी वंदन योजना से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही मौजूद लोगों को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलवाई गई। स्कूली बच्चों ने इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। यात्रा के दौरान ही पीएम आवास के हितग्राहियों को उपयोगिता प्रमाण पत्र दिया गया। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने शहर में तीन दिनों के संकल्प यात्रा शिविर के आयोजन की जानकारी दी।

लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण व बांसमुंडा घेरा में आयोजित शिविर में 1650 लोग पहुंचे, जहां पीएम स्वनिधि योजना के 14, आयुष्मान कार्ड के 269, स्वास्थ्य जांच के 500, आधार अपडेशन के 150, उज्जवला योजना के 365, विश्वकर्मा योजना के 122, पीएम आवास के 230 लोग शामिल रहे। वहीं योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी गई। कार्यक्रम के दौरान पीएम आवास की हितग्राही कलावती ठाकुर व सारिका यादव ने अपनी बात रखी। वहीं भानुमती व कमला ने स्वनिधि योजना से उन्हें मिले लाभ के बारे में बताया। सोमवार को मोहन महाराज बाड़ा व गंगामुंडा चौपाटी में शिविर आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पार्षद नरसिंह राव, भारती श्रीवास्तव, निर्मल पाणिग्रही, रीना घोष, ललिता राव, पूर्व पार्षद खेमसिंह देवांगन, राणा घोष, अतुल कौशल, प्रकाश तिवारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

Scanned with OKEN Scanner